
आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित



बर्ष :13 अंक :439 पृष्ठ -4 दिनांक 30 मार्च 2025 दिन रविवार

## यूपी के 9 जिलों से गुजरने वाले नेशनल हाईवे पर महंगा हुआ टोल

### 10 लाख गाड़ियों पर पड़ेगा असर, जानें–कितनी बढ़ीं दरें?

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और उसके आस पास के जिलों में 1 अप्रैल से टोल प्लाजा की दरें महंगी हो जाएंगी. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (छभ।प्) ने साल 2025–26 के लिए टोल की नई दरों को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. 31 मार्च रात 12 बजे के बाद टोल की नई दरें लागू हो जाएंगी.टोल की नई दरों के लागू होने से लखनऊ, नवाबगंज, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या और रायबरेली रूट से गुजरने वाले सभी वाहनों पर पड़ेगा. इन सभी प्लाजा से प्रतिदिन 10 लाख से ज्यादा छोटे–बड़े वाहन गुजरते हैं. बता दें कि इन सभी प्लाजा पर टोल दरें 5 से 10 रुपये बढ़ाई गई है. इसके साथ ही मासिक पास की दरों को भी बढ़ाया गया है.लखनऊ और उसके आस पास के टोल प्लाजा पर दरें बढ़ाने को लेकर एनएचएआई परियोजना निदेशक सौरभ चौरसिया ने बताया कि हर साल टोल की दरों में बदलाव किया जाता है. ऐसे में इस साल भी 31 मार्च की रात 12 बजे के बाद से लखनऊ परिक्षेत्र के उन्नाव के नवाबगंज, बाराबंकी के अहमदपुर, बारा, शहाबपुर, अयोध्या के

रौनाही, लखनऊ के दखिना, बहराइच के आनी, गुलाल पुरवा, दुलारपुर, बलरामपुर के बड़ागांव, सुल्तानपुर के असरोगा, हरदोई के बल्लीपुर टोल पर नई दरें बढ़ाई गई हैं. जिसके लिए 1 अप्रैल से वाहन चालकों को नई दरों से टोल का भुगतान करना होगा. किन टोल प्लाजा पर बढ़ाई गई दरें?बहराइच के आनी टोल प्लाजा पर कारों की एकल ट्रिप में किसी भी तरह का



कोई बदलाव नहीं किया गया है. लेकिन 24 घंटे के अंतराल में वापसी होने पर 65 रुपये देने होंगे. वहीं हल्के माल वाहनों को 75 रुपये एक तरफ के लिए देने होंगे. 24 घंटे के अंदर आने जाने पर 110 रुपये का भुगतान अदा करना होगा. बस और ट्रक को एकल यात्रा के लिए 155 रुपये और वापसी के लिए 235 रुपये देने होंगे.

बहराइच के ही गुलाल पुरवा टोल प्लाजा पर कारों की सिंगल ट्रिप के लिए 55 रुपये की अदायगी और वापसी के लिए 80 रुपये का भुगतान करना होगा. हल्के माल वाहनों को 85 रुपये और 130 रुपये वापसी के लिए देना होगा. इसी जनपद के दुलारपुर प्लाजा से गुजरने वाली कारों को एक दिशा की यात्रा के लिए 60 रुपये और 24 घंटे में वापसी के लिए 85 रुपये का भुगतान करना होगा.इन टोल पर होंगी ये दरें नवाबगंज, कानपुर टोल प्लाजा से गुजरने वाली कार को एकल यात्रा के लिए 100 रुपये, आने और जाने के लिए 145 रुपये और मासिक पास के लिए 3265 रुपये का भुगतान करना होगा. जबकि हल्के वाहनों को एकल यात्रा के लिए 160 रुपये, आना–जाना 235 और मासिक पास के लिए 5275 रुपये देने होंगे.दखिना शेखपुर टोल प्लाजा से गुजरने वाली कारों को एकल यात्रा के लिए 120 रुपये, आना जाना 175 रुपये और मासिक पास के लिए 3940 रुपये देने होंगे. वहीं हल्के माल वाहनों को सिंगल ट्रिप के लिए 190 रुपये, आना जाना 285 रुपये और मासिक पास के लिए 6360 रुपये देने होंगे. बस और ट्रक को सिंगल यात्रा के लिए 400 रुपये, आना जाना 600 रुपये और मासिक पास के लिए 13330 रुपये देने होंगे.शहाबपुरा में टोल प्लाजा पर नई दरें शहाबपुरा,

बाराबंकी टोल प्लाजा से गुजरने वाली कारों को एकल यात्रा के लिए 115 रुपये का भुगतान, आना जाना 170 रुपये और मासिक पास के लिए 3770 रुपये देने होंगे. जबकि हल्के माल वाहनों को एकल यात्रा के लिए 185 रुपये, आना जाना 275 रुपये और मासिक पास के लिए 6095 रुपये का भुगतान करना होगा.बस ट्रक वालों को सिंगल यात्रा के लिए 385 रुपये का भुगतान, आना जाना 575 रुपये और मासिक पास के लिए 12765 रुपये का भुगतान करना होगा.बल्लीपुर, हरदोई टोल प्लाजा से गुजरने वाली कारों को सिंगल यात्रा के लिए 90 रुपये, आना जाना 135 रुपये और मासिक पास बनवाने के लिए 2945 रुपये का भुगतान करना होगा. जबकि हल्के माल वाहनों को सिंगल ट्रिप के लिए 145 रुपये, आना जाना 215 रुपये और मासिक पास के लिए 4755 रुपये का भुगतान करना होगा. बस और ट्रक चालकों को सिंगल यात्रा के लिए 300 रुपये का भुगतान, आना जाना 450 रुपये और मासिक पास के लिए 9965 रुपये का भुगतान करना होगा.

## उत्तर प्रदेश में 11 नदियों में चलेंगे क्रूज और बड़े जहाज, 716 किलोमीटर का रूट तैयार

उत्तर प्रदेश में परिवहन को लेकर कई तरह के विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं. ऐसे में प्रदेश में बहुत जल्द जल परिवहन की शुरुआत भी की जाएगी. जल परिवहन की शुरुआत 11 नदियों में होगी. सरकार ने पहले चरण में प्रदेश में 761 किलोमीटर का रूट तैयार किया गया है. विभिन्न विभागों की टीम इन नदियों में जल परिवहन को लेकर सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार कर रही है. इसके लिए घाटों पर प्लेटफार्म और अन्य व्यवस्थाएं स्थापित की जाएगी.यूपी में जल परिवहन और जल पर्यटन को विकसित करने के लिए प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन किया है. प्रदेश में गंगा–यमुना समेत 11 राष्ट्रीय जलमार्ग है, जो नदियों के जरिए यूपी को अन्य राज्यों से जोड़ती है. ऐसे में सरकार इन सभी 11 नदियों में जल परिवहन को लेकर बहुत जल्द काम शुरू करने जा रही है. जलमार्ग के लिए सभी 11 नदियों का सर्वेक्षण होगा जलमार्ग का रूट तैयार करने के लिए गंगा नदी में प्रयागराज, वाराणसी से गाजीपुर होते हुए हल्दिया तक मार्ग तैयार है. अब इसे अगले चरण में कानपुर के रास्ते फर्रुखाबाद तक बढ़ाने की तैयारी की जा रही है. इसी तरह यमुना, सरयू व घाघरा, गोमती, चंबल, बेतवा, वरुणा, कर्मनाशा, राप्ती, मंदाकिनी और केन नदी में जल पर्यटन की संभावनाएं तलाश की जा रही है.सरकार ने इसके लिए लोक निर्माण पर्यटन एवं संस्कृति, सिंचाई एवं जल संसाधन, वन एवं पर्यावरण विभाग के इंजिनियर की टीम को गठित की गई है. यह सभी टीम इन 11 नदियों के उद्गम स्थल से लेकर बड़ी नदी में समाहित होने के स्थान तक सर्वेक्षण करेगी. इस सर्वेक्षण से इस बात का पता चलेगा कि कहां से कहां तक जल परिवहन के जरिए माल ढुलाई और यात्री के आवागमन उचित रहेगी.पहले भी जलमार्ग की हो चुकी है शुरुआत उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण को संचालन संबंधी नियमावली को कैबिनेट से सहमति मिल चुकी है. इसका कार्यालय लखनऊ स्थित राज्य निर्माण सहकारी संघ के द्वितीय तल पर खोलने की तैयारी चल रही है. बता दें कि प्रयागराज से हल्दिया तक जलमार्ग को राष्ट्रीय जलमार्ग का नाम दिया गया है. जिस पर करीब 15 वर्ष पहले तक छोटे पोत के जरिए प्रयागराज से कोलकाता तक सीमेंट भेजी जाती थी. बाद में पानी का स्तर कम होने से इसे बंद करना पड़ा गया.

## मथुरा में सपा सांसद रामजीलाल सुमन के महाराणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान

मथुरा में सपा सांसद रामजीलाल सुमन के महाराणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने बीएसए कॉलेज में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जमकर सपा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ नारेबाजी की।एबीवीपी के छात्रों ने सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने सांसद के इस्तीफे की मांग की। उनका कहना था कि जिस व्यक्ति को महाराणा सांगा जैसे महान व्यक्तित्व की जानकारी नहीं है, उसे राजनीति नहीं करनी चाहिए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन करते हुए सपा सांसद रामजीलाल सुमन के पुतले को पैरों से भी कुचला गया है। एबीवीपी कार्यकर्ताओं का कहना है कि अगर जल्द से जल्द सपा सांसद में इस्तीफा नहीं दिया तो लगातार यह विरोध प्रदर्शन चलता रहेगा।इससे पहले भी कई हिंदूवादी संगठनों ने सांसद के बयान का विरोध किया था। विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन किए गए थे। विरोध प्रदर्शन का यह सिलसिला थमता नहीं दिख रहा है।

## यूपी में ईद की छुट्टी कब! 31 मार्च या 1 अप्रैल?



उत्तर प्रदेश में ईद की छुट्टी को लेकर कंफ्यूजन है. कोई कह रहा है कि छुट्टी सिर्फ 31 मार्च को है तो कोई 1 अप्रैल का दावा कर रहा है. तो आइए हम आपको बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में ईद के दिन सरकारी छुट्टी कब होगी. स्कूल और अन्य सरकारी संस्थान बंद रहेंगे या नहीं. तो आइए हम आपको राज्य सरकार के सरक. ारी कैलेंडर के आधार पर बताते हैं कि ईद की छुट्टी यूपी में कब है.उत्तर प्रदेश शासन, सामान्य अनुभाग के पत्र संख्या 870ध्तीन–2024–39 (2) 2016 लखनऊ, दिनांक 17 दिसंबर 2024 को जारी सरक. ारी कैलेंडर के अनुसार ईद उल फितर यानी ईद का सार्वजानिक 31 मार्च (चौत्र 10, 1947 सोमवार) को है. इसके अलावा 1 अप्रैल, मंगलवार, (चौत्र 11, 1947) को भी निर्बंधित अवकाश है. हालांकि 31 मार्च और 1 अप्रैल की छुट्टी के संदर्भ में सरकारी कैलेंडर में नोट के तौर पर लिखा गया है कि– यह त्यौहारध्पर्व स्थानीय चंद्र दर्शन के अनुसार मनाये जाएंगे और जिलाधिकारी इन अवकाशों की तिथि यदि आवश्कयता पड़ तो पुनः निर्दिष्ट कर सकते हैं, परन्तु ऐसा करने में राष्ट्रीयकृत बैंक प्रबंधन कर लें कि बैंक भी उसी दिन अवकाश रखें. उधर, ईद को लेकर यूपी के सभी जिलों में प्रशासन और पुलिस अलर्ट पर है. संवे. दनशील क्षेत्रों में पीएसी, आरएएफ और पुलिस की टुकड़ियां तैनात की गईं हैं. वहीं बाजारों में भी सुराक्षात्मक उपाय किए गए हैं. ईद को लेकर विभिन्न जिला प्रशासनों और पुलिस अधिकारियों की ओर से सड़क पर नमाज न अदा करने की सख्त हिदायत दी गई है. मेरठ में तो पुलिस ने यहां तक कहा है कि अगर सड़क पर नमाज अदा की तो पासपोर्ट जब्त हो सकता है. पुलिस के इस बयान की चहुंओर निंदा भी हो रही है. सपा सांसद इकरा हसन ने स्पष्ट कहा है कि ईद की नमाज, मस्जिद नहीं ईदगाह में होती है. ऐसे में अगर जरूरत पड़ी तो सड़क पर भी पढ़ेंगे.

## वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज का पांच दिवसीय जन्मोत्सव मनाया जाएगा

वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज का पांच दिवसीय जन्मोत्सव चल रहा है। इस दौरान रात्रिकालीन पदयात्रा में श्रद्धालुओं ने रास्ते में उनके लिए फूल बिछा दिए। पूरे इलाके में संगीतमय धुन पर राधा नाम की गूंज सुनाई दे रही है। अलग–अलग स्थानों से श्रद्धालु प्रेमानंद महाराज के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी हुई है। लेकिन जन्मोत्सव के कार्यक्रम के चलते कई भक्तों को आश्रम में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। यही कारण है कि भारी संख्या में श्रद्धालु प्रेमानंद महाराज के रात्रिकालीन पदयात्रा में उनके दर्शन कर रहे हैं और उन्हें जन्मोत्सव की बधाई भी दे रहे हैं।पदयात्रा के रास्ते में फूलों की रंगोलियां बनाई गई है। ढोल वादकों की धुन पर भक्तों की जयकारा रात के सन्नाटे को चीरते हुए गूंज रही है। भक्त राम नाम के जयकारे लगाते हुए प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद ले रहे हैं। उन पर पुष्पों की वर्षा की जा रही है। श्रद्धालुओं का अभिवादन करते हुए एक घंटे की पदयात्रा कर प्रेमानंद महाराज श्रीराध केलिकुंज पहुंचे और आश्रम में दैनिक पूजा–पाठ करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत कर रहे हैं। आइए आपको पांच दिवसीय जन्मोत्सव के अंतिम दो दिन के कार्यक्रम के बारे में बताएं –जानकारी के लिए बता दें कि प्रेमानंद जी के पांच दिवसीय जन्मोत्सव के कार्यक्रम की शुरुआत 26 मार्च से हुई थी। आज यानी 29 मार्च और कल यानी 30 मार्च को कार्यक्रम का अंतिम दो दिन रह गए हैं। इन दोनों दिन का कार्यक्रम कुछ इस प्रकार है –29 मार्च – प्रेमानंद महाराज के जन्मोत्सव में आज महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और जम्मू–कश्मीर के अनुयायी शामिल होंगे।30 मार्च – विरक्त परिकर जन्मोत्सव में होंगे शामिल। इससे पहले हुए कार्यक्रम में 26 मार्च को उत्तर प्रदेश के अनुयायी जन्मोत्सव में शामिल होने पहुंचे थे। 27 मार्च को दिल्ली, नोएडा, पंजाब, गुरुग्राम के अनुयायी शामिल हुए थे। 28 मार्च को हरियाणा, केरल, उत्तराखंड, आसाम, गोवा, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, हिमाचल, बिहा, गुजरात से लोग आए थे। इस प्रकार 5 दिन के इस उत्सव में राज्यों के आधार पर अनुयायी शामिल हुए थे।

## यूपी स्कूल में हुई शर्मसार करने वाली हरकत, 30 रुपये की चोरी का आरोप लगाकर छात्रा को निर्वस्त्र कर ली तलाशी

यूपी के अमेठी जिले के बहादुरपुर ब्लॉक क्षेत्र में संचालित एक परिषदीय स्कूल में गायब पैसे की तलाश करने के दौरान छात्रा के कपड़े उतारने और जातिसूचक गाली देकर अपमानित करने का मामला उजागर हुआ है। मामला दो दिन पुराना बताया जा रहा है। छात्रा की मां ने शनिवार को मामले की शिकायत की तो हड़कंप मच गया। जिम्मेदार कार्रवाई करने के बजाए लीपापोती कर मामले को दबाने की कोशिश में जुटे हैं।छात्रा की मां का कहना है कि उसकी बेटी क्षेत्र में संचालित एक परिषदीय स्कूल में कक्षा सात में पढ़ती है। 27 मार्च को वार्षिक परीक्षा के दौरान किसी छात्रा के 30 रुपये गायब होने पर शिक्षिका ने बेटी को प्रताड़ित किया। आरोप है कि शिक्षिका ने पहले बेटी के कपड़े उतरवा कर तलाशी ली, बाद में पैसे नहीं मिले तो जातिसूचक गाली देकर धमकी देते हुए अपमानित किया। शिक्षिका की प्रताड़ना व धमकी के बाद बेटी डरी सहमी है। दो दिन बाद किसी तरह बेटी को समझाया–बुझाया तो उसने पूरे मामले की जानकारी दी। शिक्षा के मंदिर में बेटी का अपमान होने के बाद शनिवार को पीड़ित छात्रा की मां ने मामले की शिकायत पुलिस व शिक्षा विभाग से की है।आरोपी शिक्षिका ने बताया कि उन पर लगाए गए सभी आरोप गलत है। 27 मार्च को एक छात्रा के 30 रुपये खो गए थे। शिकायत के बाद उसी छात्रा ने तलाशी ली थी। कपड़े उतरवाने व गाली–गलौज करने का आरोप गलत है। बदनाम करने की नीयत से उन पर आरोप लगाया जा रहा है।इंस्पेक्टर श्रीराम पांडेय ने बताया कि मामले की शिकायत शनिवार सुबह मिली थी। मामले की जांच करवाई गई। जांच में शिक्षिका पर लगे आरोप गलत मिले हैं। सिर्फ सह छात्रा की ओर से पैसा गायब होने पर तलाशी करने का मामला सामने आया है। जाति सूचक गाली देने व अन्य आरोप बच्चों के बयान में गलत मिला है। पूरे मामले की रिपोर्ट से पीड़ित परिवार को भी अवगत करा दिया गया है।उपशिक्षा अधिकारी राकेश सचान ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में शनिवार को आया है। मामला छात्रा से जुड़ा होने के कारण महिला अफसर की मौजूदगी में ही जांच होनी संभव है। ऐसे में पूरे मामले की रिपोर्ट बीएसए को भेजते हुए समिति गठित करने का अनुरोध किया गया है। समिति गठित होते ही पूरे मामले की विस्तृत जांच कराई जाएगी। जांच के बाद प्रकाश में आने वाले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# सांस के मरीजों की तकलीफ बढ़ी जिला अस्पताल में रोजाना 100 के करीब मरीज, पेट दर्द की भी बढ़ी शिकायत

हाथरस में मौसम परिवर्तन से स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ गई हैं। सुबह–शाम की ठंड और दिन में उड़ती धूल ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। धूल कणों के सांस की नली में जाने से खांसी, आंखों और गले में इंफेक्शन की शिकायतें सामने आ रही हैं।जिला अस्पताल की ओपीडी और इमरजेंसी में रोजाना इन बीमारियों के 70 से 80 मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें सांस के रोगी और पेट दर्द के मरीज शामिल हैं। विशेष रूप से अस्थमा और श्वास के पुराने मरीजों को ज्यादा तकलीफ हो रही है।ब. दलते मौसम में स्वास्थ्य को लेकर रहें सचेत... जिला अस्पताल के फिजिशियन




डॉ. वरुण चौधरी के अनुसार मौसम में तेजी से बदलाव आ रहा है। इससे सांस की बीमारियों के साथ ब्लड प्रेशर और पेट दर्द के मरीजों की संख्या बढ़ी है। डॉक्टर्स मरीजों को दवाई के साथ विशेष सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

## हाथरस में आगरा–अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा

हाथरस में आगरा–अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। प्रताप चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने लोडर टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो चालक की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक की पहचान सासनी के शाहपुर कला गांव के 43 वर्षीय टिंकू के रूप में हुई है। वह राजवीर सिंह का पुत्र था। टिंकू पिछले कुछ समय से गंगानगर फिरा. `जाबाद में रह रहा था और लोडर टेंपो चलाता था। घटना उस समय हुई जब टिंकू अलीगढ़ से फिरोजाबाद जा रहा था।पुलिस ने पहुंचकर की जांच टक्कर मारने के बाद दूसरे वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हाथरस के सासनी गेट चौराहे पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का पुतला फूंका



हाथरस के सासनी गेट चौराहे पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने समा. जवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का पुतला फूंका। यह विरोध प्रदर्शन अखिलेश यादव के हालिया बयान के खिलाफ किया गया। अखिलेश ने कहा था कि भाजपा वालों को दुर्गंध पसंद है और इसलिए वह गौशाला बनवा रहे हैं।हिंदूवादी नेताओं ने कहा कि अखिलेश यादव ने गौ माता का अपमान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश लगातार सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं। नेताओं ने यह भी याद दिलाया कि हाल ही में सपा के एक सांसद ने राणा सांगा को गद्दार कहा था। इस मामले में भी कार्रवाई होनी चाहिए।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद प्रदर्शन में बजरंग दल के विभाग संयोजक हर्षित गौड़, कैलाश कूलवाल, सुरेश अग्रवाल, गोपाल कृष्ण शर्मा, विवेक चौधरी, विवेक शर्मा, देवेश ठाकुर, किशन भारती, चिंटू यादव, राहुल चौधरी समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की और अखिलेश यादव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## हाथरस में एक नाबालिग लड़की को बहला–फुसलाकर भगाने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को सात साल की सजा सुनाई

हाथरस में एक नाबालिग लड़की को बहला–फुसलाकर भगाने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को सात साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर अर्थदंड भी लगाया है। मामला 20 मई 2010 का है। हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव पुरा निवासी रमेश चंद की 16 वर्षीय बेटी लाडपुर में 11वीं कक्षा में पढ़ती थी। वह परीक्षाफल लेने कॉलेज गई थी। वहां से वह वापस नहीं लौटी। परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जांच में पता चला कि गांव रुद्रपुर का श्रीनिवास उसे बहला–फुसलाकर ले गया था। पुलिस ने लड़की को बरामद कर लिया।जुर्माना न देने पर भोगना होगा अतिरिक्त कारावास पुलिस ने आरोपी श्रीनिवास के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। विशेष न्यायाधीश (एससी–एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम) रामप्रताप सिंह की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने आरोपी को दोषी माना। अर्थदंड न भरने पर उसे अतिरिक्त जेल की सजा भी भुगतनी होगी।

## हाथरस में अखिलेश और सपा सांसद का पुतला फूंका, राणा सांगा पर दिए बयान का विरोध

हाथरस में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान के विरोध में समाजवादी पार्टी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। आज शाम क्षेत्रीय संयोजक विकास शर्मा के नेतृत्व में तालाब ओवरब्रिज के नीचे बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए।प्रदर्शनकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और सपा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला दहन किया। उन्होंने श्राणा सांगा का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तानश के नारे लगाए। प्रदर्शन के कारण तालाब चौराहे पर यातायात बाधित हुआ। पश्चिमी उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखंड के क्षेत्रीय संयोजक विकास शर्मा ने सपा सांसद के संसद में दिए बयान को घोर आपत्तिजनक बताया।संसद की कार्यवाही से हटे बयान उन्होंने मांग की कि इस बयान को संसद की कार्यवाही से हटाया जाए। साथ ही सांसद की सदस्यता और सपा की मान्यता रद्द की जाए। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य गौरव रावत ने सपा को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अनावश्यक बयानबाजी न रोकी गई तो रामजीलाल सुमन जैसे नेताओं का निकलना मुश्किल हो जाएगा।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद. .. जिला संयोजक अर्पित वर्मा ने रामजीलाल सुमन को बौद्धिक रूप से दिवालिया बताया। कार्यक्रम में सुहाना खान, नगर मंत्री रूहेरी प्रणवीर तोमर, मृगेंद्र ठाकुर, हर्ष गोयल, आदित्य, वासु वार्ष्णेय, सुमित पाथरे, दिल राघव, सूरज चौहान, रोहित अग्रवाल और गोपाल अग्निहोत्री समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सादाबाद के गांव कुरसंडा में एक किसान की 15 बीघा गेहूं की कटी हुई फसल में आग लग गई

सादाबाद के गांव कुरसंडा में एक किसान की 15 बीघा गेहूं की कटी हुई फसल में आग लग गई। किसान योगेश को इस घटना से लगभग 5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।योगेश ने बताया कि उन्होंने गेहूं की फसल को काटकर सूखने के लिए रखा था। दोपहर के बाद अचानक फसल में आग लग गई। ग्रामीणों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी।किसान ने बताया कि अब उन्हें पूरे साल परिवार के लिए बाहर से गेहूं खरीदना पड़ेगा। साथ ही पशुओं के लिए भूसा भी खरीदना होगा। योगेश का कहना है कि उनके खेत के आसपास बिजली के तार नहीं हैं, जिससे शॉर्ट सर्किट की संभावना नकारी जा सकती है।योगेश ने कहा कि वह इस घटना की शिकायत पुलिस से करेंगे। उनका किसी से कोई विवाद या दुश्मनी नहीं है। उन्होंने इस आग को किसी की सोची–समझी रणनीति बताया है और जांच की मांग की है।

## हाथरस में जिला पंचायत की बैठक में सदस्यों ने विकास कार्य न होने पर जताई नाराजगी

हाथरस में जिला पंचायत की बैठक में सदस्यों ने विकास कार्य न होने पर नाराजगी जताई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय ने की। सदस्यों ने आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में सड़कें टूटी पड़ी हैं। बार–बार शिकायत के बावजूद मरम्मत नहीं हो रही। स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। कोई भी जिम्मेदार अधिकारी सुनवाई नहीं करता। एक सदस्य ने लाइटिंग में घोटाले का भी आरोप लगाया।सादाबाद विधायक प्रदीप (गुड्डू) चौधरी ने मांग की कि हर सदस्य के क्षेत्र में 50–50 लाख रुपए के विकास कार्य कराए जाएं। उन्होंने 2025–26 की कार्य योजना सदस्यों को उपलब्ध कराने की भी मांग की। सांसद अनूप प्रधान ने जिले के विकास के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।बैठक में पंचम राज्य वित्त आयोग की योजना पर चर्चा हुई। जिला पंचायत की आय बढ़ाने के स्रोतों पर विचार–विमर्श किया गया। विधायक अंजुला सिंह माहौर ने कहां के सदस्यों को उनका मानदेय दिलाया जाए। जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय ने कहा कि जिन सदस्यों ने अपने यहां कार्यों के प्रस्ताव दिए हैं। उन कार्यों को कराया जाएगा। जिला पंचायत द्वारा लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुरेश चंद केसरवानी, मुरसान ब्लॉक प्रमुख रामेश्वर उपाध्याय और ब्लॉक प्रमुख पूनम पांडे जिला पंचायत सदस्य सूआ पहलवान, केशव चौधरी, उम्मेद सिंह, पिंकी चौधरी, गुंजन शर्मा, सोनू चौहान, उमाशंकर गुप्ता, प्रीति सेंगर, शीला देवी, प्रभा सिंह, आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## हाथरस में ब्राह्मण महासभा की ओर से भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गई



हाथरस में ब्राह्मण महासभा की ओर से भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गई। इस बार 45 वीं शोभायात्रा शहर में धूमधाम से निकली। इसमें झांकियों और मेले को भव्य रूप दिया गया। झांकियों ने शहरवासियों का मन मोह लिया।ब्राह्मण समाज ने निकाली शोभा यात्रा चित्रकूट ज्ञानशाला आगरा रोड हाथरस से शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शहर के विभिन्न बाजार में निकाली गई। शोभा यात्रा में ब्राह्मण समाज के हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहें। ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष शरद कुमार नंदा के साथ मेला संयोजक बंशी पंडित, राजू कौ. शिक ,विशाल सारस्वत, आदित्य शर्मा, आदि समाज के लोगो के सहयोग से मेला भव्यता के साथ के साथ निकाला गया।कई जगह उतारी गई आरती शहर में जगह जगह मेले के दौरान लोगों द्वारा मेला आयोजकों का स्वागत किया तो वही भगवान परशुराम की जगह जगह आरती उतारी गई। मेले में सभी राजनीतिक दलों के लोगों ने भी पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मेले में हाथरस जिले के अलावा काफी दूर–दूर से लोग इस मेले को देखने आते हैं।

## हाथरस में भाजपा सांसद अनूप प्रधान ने सपा सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा संबंधी बयान की कड़ी निंदा की



हाथरस में भाजपा सांसद अनूप प्रधान ने सपा सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा संबंधी बयान की कड़ी निंदा की है। सुमन ने राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहा था। अनूप प्रधान ने कहा कि सुमन को राज्यसभा में माफी मांगनी चाहिए।उन्होंने कहा कि हिंदू समाज का अपमान करना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रधान ने याद दिलाया कि सुमन कई बार लोकसभा सांसद रहे हैं। वह हिंदू और क्षत्रिय समाज की वजह से ही सांसद बन पाए थे। प्रधान ने कहा कि किसी को भी महापुरुषों का अपमान करने का अधिकार नहीं है।कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं उन्होंने कहा कि वह खुद वाल्मीकि समाज से हैं। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उदाहरण देते हुए कहा कि वह अनुसूचित जनजाति से हैं। करणी सेना द्वारा सुमन के निवास पर किए गए पथराव पर प्रधान ने कहा कि यह लोगों का आक्रोश है। लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है।




### पीड़ित ध्यान दें

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

मो. 8218049162

email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

# जिला मजिस्ट्रेट ने ईदगाह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



अलीगढ़ : जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने आगामी ईद के त्योहार को ध्यान में रखते हुए शनिवार को शाहजमाल ईदगाह का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ईदगाह निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ ही नगर निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिला मजिस्ट्रेट ने निरीक्षण के दौरान साफ–सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को

निर्देशित किया कि ईदगाह परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई बनाए रखी जाए और नमाजियों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। डीएम ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि ईद के मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम को निर्देशित किया गया कि वे सुनिश्चित करें कि सड़कों पर प्रतिबंध एवं छुट्टा जानवर घूमते न पाए जाएं। वरिष्ट पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के प्रति आश्वस्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन सभी नागरिकों को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं और प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसपी सिटी मृगांग शेखर पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट राम शंकर, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, सहित एएसपी, सहायक नगर आयुक्त, पार्षद मुसर्रफ हुसैन, मो0 इरशाद, हारून एवं मसूद अहमद, मो. ईनुद्दीन, मुन्ना, राशिद, नदीम, वासू, अलाउद्दीन, चिराग, खुसरो, हाजी सुलेमान, हाजी दुलारे नबी, शमीम उपस्थित रहे।

# जिला जज एवं डीएम–एसएसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

अलीगढ़ जिला जज संजीव कुमार, डीएम संजीव रंजन एवं एसएसपी संजीव सुमन ने शनिवार को जिला कारागार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पाकशाला, कारागार चिकित्सालय, पुरूष एवं महिला बैरक, क्रेच का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला जज ने बंदियों से कहा कि यदि किसी भी बंदी को विधिक सहायता या नियमानुसार प्रदत्त की जाने वाली किसी मूलभूत सुविधा की आवश्यकता हो तो वह निःसंकोच बता सकता हैं। इस दौरान उन्होंने 05 क्षय रोगियों को पोषण किट भी प्रदान की।जिला जज एवं डीएम–एसएसपी ने प्रोजेक्ट उम्मीद वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा जिला कारागार में संचालित पुस्तकालय का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। पुस्तकालय में विभिन्न विषयों एवं लेखकों की ज्ञानवर्धक पुस्तकों के साथ ही सहवर्ती उपकरणों से सुसज्जित 05 कम्प्यूटर भी स्थापित किए गए हैं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक बृजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पठन–पठान में रूचि रखने वाले बंदी यहां आकर अपनी रूचि के अनुसार पुस्तकों का अध्ययन कर सकेंगे। आधुनिक तकनीक एवं जेल से बाहर जाने के बाद स्वरोजगार स्थापना के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण उनके लिए काफी मददगार साबित होगा।

# जेल बंदियों द्वारा निर्मित उत्पादों के आउटलेट का किया लोकार्पण




जिला जेल में बंदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की बिक्री के लिए आउटलेट का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश संजीव कुमार, जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं एसएसपी संजीव सुमन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस अनूठी पहल का शुभारंभ किया। जिला जज ने आउटलेट लोकार्पण के उपरांत लकड़ी से तैयार किए गए शंख को 600 रुपए नकद देकर खरीदा।यह आ. उटलेट उन बंदियों के श्रम और हुनर को पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो जेल में रहते हुए विभिन्न हस्तशिल्प एवं उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर रहे हैं। यहां तैयार उत्पादों में हस्त. निर्मित फर्नीचर, कपड़े, हैंडीक्राफ्ट, ताले, सीमेंट बैंच, स्क्रैप से बने उत्पाद, पूजा सामग्री और अन्य रोजमर्रा की चीजें शामिल हैं। इन वस्तुओं को उचित मूल्य पर जनता को उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे न केवल इनकी उत्कृष्ट गुणवत्ता की पहचान बनेगी, बल्कि बंदियों के पुनर्वास को भी बढ़ावा मिलेगा।जिला न्यायाधीश ने कहा कि यह पहल जेल सुधार की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है, जो बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बंदियों द्वारा निर्मित इन उत्पादों को प्रोत्साहित करना समाज की जिम्मेदारी है। यह पहल न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगी, बल्कि उनके लिए रोजगार के नए अवसर भी खोलेगी।एसएसपी संजीव सुमन ने जेल उत्पादों की गुणवत्ता व उनके उचित मूल्य की सराहना करते हुए कहा कि आउटलेट न केवल जेल सुधार कार्यक्रम को सशक्त करेगा, बल्कि समाज को भी यह संदेश देगा कि हर व्यक्ति को सुधार और नए अवसरों का अधिकार है।इस अवसर पर अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, जेलर कमलेन्द्र प्रताप सिंह, एक्सईएन पीडब्लूडी संजीव पुष्कर, डा0 एसएच रिजवी, डा0 अभिषेक गुप्ता, प्रोजेक्ट उम्मीद से नदीम अंजुम व आदिल जवाहर एवं अन्य डिप्टी जेलर समेत अन्य न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने 136 क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायतों को किया सम्मानित



अलीगढ़ (जिले की 136 ग्राम पंचायतों ने क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने शनिवार को कलैक्ट्रेट सभागार में इन सभी ग्राम पंचायतों को श्क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायतश घोषित कर उनके प्रधानों को महात्मा गांधी की प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि यह क्षण पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर लगातार दूसरे वर्ष भी क्षय रोग मुक्त रहने वाली 05 ग्राम पंचायतों– लोधा की चिकोरा, अमरपुर नेहरा, जवां की लुहारा, इगलास की पिसावा एवं गोंडा की कुवागांव को सिल्वर कैटेगरी में एवं अन्य 131 ग्राम पंचायतों को ब्रॉन्ज कैटेगरी में सम्मानित किया गया।जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि 2023 में मा0 प्रधानमंत्री जी ने वाराणसी से ग्राम पंचायतों को क्षय रोग मुक्त करने का आह्वान किया और अलीगढ़ इस लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों की सक्रिय भागीदारी से क्षय रोग उन्मूलन संभव हुआ है। यह केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का कर्तव्य है, हम सभी को मिलकर इसे स्थायी रूप से कायम रखना होगा।जिला प्रशास. निक अधिकारी रोहित सक्सेना ने कहा कि जब समुदाय स्वास्थ्य जागरूकता में सक्रिय भागीदारी निभाता है, तो बीमारियों को जड़ से मिटाया जा सकता है। हमें इस सफलता को एक आदत बनाना होगा, ताकि कोई भी व्यक्ति क्षय रोग से प्रभावित न हो।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज त्यागी ने कहा कि समुदाय की जागरूकता से ही टीबी को पूरी तरह मिटाया जा सकता है। अब हमारा लक्ष्य इसे पूरी तरह समाप्त करना है, ताकि आने वाली पीढ़ी इस बीमारी से मुक्त रह सके। उन्होंने टीबी उन्मूलन के लिए प्रमुख मंत्र देते हुए बताया कि जागरूक बनें अगर दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार या वजन घटना हो, तो तुरंत जांच कराएं। टीबी मरीजों को मानसिक और सामाजिक समर्थन दें, उनसे भेदभाव न करें। उन्होंने सचेत किया कि दवा का पूरा कोर्स लेना जरूरी है, अधूरा इलाज बीमारी को और घातक बना सकता है।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 राहुल शर्मा ने बताया कि टीबी मरीजों के लिए सरकार की निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज के दौरान 1000 रूपये प्रति माह की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाती है। इसके अलावा यदि कोई व्यक्ति संभावित टीबी मरीज की जानकारी देता है और उसकी पुष्टि होती है, तो उसे 500 की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। हमारा उद्देश्य हर मरीज को इस योजना का लाभ दिलाना और क्षय रोग को जड़ से खत्म करना है। उप जिला क्षय रोग अधिकारी इमरान सिद्दीकी ने कहा कि क्षय रोग उन्मूलन केवल चिकित्सा उपचार का विषय नहीं है, बल्कि यह सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी से ही संभव हो सकता है। हमें इस दिशा में और अधिक प्रयास करने होंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी मोहम्मद राशिद ने कहा कि ग्राम पंचायतों का यह योगदान सराहनीय है। हमें उम्मीद है कि अन्य गांव भी इससे प्रेरणा लेकर क्षय रोग मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।इस अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक (क्षय रोग) सतेंद्र कुमार, क्षय रोग विभाग से डेविड कुमार शाही, पीयूष सेंगर, नईम अहमद और पीयूष अग्रवाल समेत अन्य अधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी, ग्राम प्रधान और क्षय रोग चौम्पियंस उपस्थित रहे।

## नवरात्रि के पहला दिन



नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। मान्यता है कि मां शैलपुत्री की पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना या कलश स्थापना भी की जाती है। घटस्थापना या कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त– घटस्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 06 बजकर 13 मिनट से सुबह 10 बजकर 22 मिनट तक रहेगा।

# डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में की बैठक

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक आहुत की गई। डीएम ने बताया कि जिले में 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण एवं 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान संचालित किया जाना है। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान की सफलता के लिए जनमानस में अधिक से अधिक जागरूकता लाते हुए विभागीय दायित्वों के साथ ही व्यक्तिगत रूचि लेकर धरातल पर कार्य करना सुनिश्चित करें। सामूहिक रूप से प्रयास कर अन्तर्विभागीय समन्वय से कार्य करते हुए जनसामान्य को लाभान्वित किया जाए। अभियान के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों में कहीं भी संवादहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए।सीएमओ डा0 नीरज त्यागी ने बताया है कि अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिये ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण के सम्बन्ध में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधीक्षकों को आवश्यक दिशा–निर्देश दे दिए गए हैं। जूनोटिक कमेटी की बैठक का हुआ सफल आयोजनरूजिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जूनोटिक कमेटी की बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों एवं पशु चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लिया। बैठक में मानव और पशु स्वास्थ्य से जुड़ी जूनोटिक बीमारियों की रोकथाम, नियंत्रण एवं जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रभावी रणनीतियों पर विचार–विमर्श किया गया। डीएम ने जूनोटिक रोगों के प्रभाव और उनके रोकथाम के लिए बहु–क्षेत्रीय समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। डीएम ने समुदाय में जागरूकता लाने, टीकाकरण कार्यक्रमों को सुदृढ़ करने, निगरानी तंत्र को मजबूत करने और पशु व मानव स्वास्थ्य विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख विषयों रेबीज, ब्रूसेलोसिस, एवियन इन्फ्लूएंजा, एंथ्रेक्स जैसी बीमारियों की स्थिति, रोकथाम और नियंत्रण के उपायों पर चर्चा की गई।

# अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग से दृष्टिबाधित मोहम्मद समर ने पीएचडी की उपाधि हासिल



अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग से दृष्टिबाधित मोहम्मद समर ने पीएचडी की उपाधि हासिल की है इस प्रकार की उपलब्धि हासिल करने वाले वे पहले दृष्टिबाधित पुरुष छात्र हैं। अपनी डॉक्टरेट पूरी करने के बाद 32 वर्षीय समर अब ऐसे छात्रों का मार्गदर्शन करने और उनको आगे बढ़ने में मदद के लिए लेक्चरर बनने का सपना देख रहे हैं। उनकी इस उपलब्धी पर आज पूर्व विधायक विवेक बंसल मोहम्मद समर को सम्मानित करने के लिए देहली गेट स्थित उनके निवास स्थान पर पहुंचे और वहां विवेक बंसल ने मोहम्मद समर को शौल उढ़ाकर व् स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी ᑊ इस अवसर पर विवेक बंसल के सहयोगियों में अनिल सिंह चौहान, चौधरी वीरेंद्र सिंह, सतीश प्रधान जी, सुरेश भीलवाड़ा, सरदार नरेन्द्र सिंह आदि के साथ साथ मोहम्मद समर के परिजन मौजूद रहे




# नगर निगम मूल बजट (वित्तीय वर्ष–2025–26) कार्यकारिणी बैठक महापौर प्रशांत सिंघल की अध्यक्षता में जवाहर भवन सभागार में आयोजित की गई

शनिवार को नगर निगम मूल बजट (वित्तीय वर्ष–2025–26) कार्यकारिणी बैठक महापौर प्रशांत सिंघल की अध्यक्षता में जवाहर भवन सभागार में आयोजित की गई। बजट कार्यकारिणी के सदस्य कार्यकारणी में सदस्यध्उपसभापति दिनेश जादौन,अनिल सेंगर,योगेश सिंघल, असलम नूर, आसिफ, करन माहौर, निरंजन सिंह मो. हफीज अब्बासी, मो.शाकिर, रीनू सैनी, मो. गुलजार, मुशर्रफ हुसैन महजर ने नगर निगम के बजट पर गहन मंथन और विस्तार से चर्चा करते हुए प्रत्येक मद में आय को बढ़ाने की सुझाव के साथ □145008.33 लाख को सर्वसम्मति से पारित कर अपनी सहमति की मोहर लगायी।बजट कार्यकारणी में प्रभारी लेखाधिकारी भरत कुमार दुबे ने नगर निगम के 2025–26 के मूल बजट पर विस्तार से प्रस्तुत किया। लेखा अधिकारी ने पास हुए मूल बजट के संबंध में बताया कि 01 अप्रैल 2025 को प्रारंभिक अवशेष □41597.74 बजट 2025–26 की अनुमानित प्रस्तावित आय □103410.59 कुल योग □145008.33 पास हुआ है उन्होंने यह भी बताया कि बजट 2025–26 का अनुमानित प्रस्तावित व्यय □128461.43 सहित दिनांक 31 मार्च 2026 को अनुमानित अंतिम अवशेष □16546.90 को सर्वसम्मति से पास किया गया है।कार्यकारणी बैठक में हाफिज अब्बासी सहित अन्य सदस्यों ने पिछले साल 20 टन क्रय की गई क्लोरीन का विवरण उपलब्ध कराने, क्लोरीन का दुरुपयोग होने, क्लोरीन उपयोग में लापरवाही बरतने, जेई की खराब कार्यशैली, शहर को साफ पेयजलापूर्ति उपलब्ध न होने, मोटर खरीद में शिथिलता बरतने, किन किन वार्ड में ट्यूबवैल पर कब कब क्लोरीन डाली गई, सहायक अभियंता जल की लापरवाही जेई जलकल पर कोई नियंत्रण न होने, बिना पार्षद की संस्तुति के लीकेज मरम्मत की जाती है, जैसे मुददे पर हंगामा किया महापौर ने पार्षदों को अक्टूबर 2024 में क्रय की गई क्लोरीन की जांच व पिछले 1 साल से क्लोरीन के उपयोग की जांच के लिए कार्यकारणी सदस्यों के नेतृत्व में समिति गठन करने के साथ साथ प्रतिदिन जलकल विभाग के कार्यो हैडपम्प मरम्मत, रिबोर, लीकेज मरम्मत की प्रतिदिन ऑनलाइन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।बैठक में मुशर्रफ हुसैन ने जन्म मृत्यु पंजीकरण व्यवस्था में अनियमितता, ईद पर सफाई व्यवस्था, कर्बला के पास कचरा होने,ईदगाह पर सफाई व्यवस्था ठीक नही होने, कर्बला में हाई मास लाइट खराब होने की समस्या बतायी। अनिल सेंगर ने सीएम ग्रिड के अंतर्गत किये जा रहे पार्षद हाफिज अब्बासी ने एक ही निर्णय कार्य का बार ई टैंडर पुनः ई टेंडर होने ठेकेदारों की ईएमडी वापसी में 3–3 महीने से अधिक समय लगने जैसे विषय को कार्यकारणी बैठक में रखा।महापौर ने लीकेज मरम्मत की सूचना स्थानीय पार्षद को देने के निर्देश दिए महापौर ने पूरे साल का क्लोरीनेशन व ओवर हेड टैंक की सफाई का पूर्ण डाटा 4 अप्रैल को प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। नगर निगम की आय बढ़ाये जाने के लिए पार्षदों के साथ बैठक आहूत की जाएकार्यकारणी बैठक में सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष की अगुवाई में अनेकों सफाई कर्मचारियों ने जवाहर भवन सभागार में आकर स्थाई सफाई कर्मचारियों सुपरवाइजर का गैर वार्ड में स्थानांतरण करने पर विरोध प्रदर्शन करते हुए महापौर व नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया।कार्यकारणी ने मूल बजट में विज्ञापन मद को बढ़ाने के साथ साथ नगर निगम की आय के स्रोतों में व्रद्धि करने के साथ साथ प्रत्येक मद में आय को बढ़ाने का सुझाव दिया गया।

# अलीगढ़ को मिली नई वंदे भारत ट्रेन,यात्रियों को बड़ी सौगात

अलीगढ. : रेलवे बोर्ड ने अलीगढ़ जंक्शन को एक और वंदे भारत ट्रेन की सौगात दी है। यह नई दिल्ली से चलकर अलीगढ़, कानपुर, प्रयागराज, बक्सर होते हुए पटना तक जाएगी। यह ट्रेन सुबह 10 बजे अलीगढ़ पहुंचेगी और 10:02 पर कानपुर के लिए रवाना होगी। वापसी में यह शाम 5रू58 बजे अलीगढ़ पहुंच. गी और दो मिनट के ठहराव के बाद दिल्ली के लिए रवाना होगी। रेलवे के अनुसार, यह ट्रेन समर स्पेशल के रूप में चलाई जा रही है, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

**सूचना**
विज्ञापन एवं विज्ञप्ति के लिए सम्पर्क करें
कार्यालयः सरोज नगर गली न. 5, क्वार्सी बाईपास रोड, अलीगढ़
हैल्पलाइन न.
8218049162,9870916612

# कासगंज में 200 से ज्यादा बच्चे भीख मांगकर भर रहे पेट, शिक्षा से बनाई दूरी!

कासगंज : बाल भिक्षावृत्ति एक समाजिक बुराई है। यह समस्या उस समय विकराल हो जाती है, जब इस समाजिक बुराई ने व्यवसायिक रूप धारण कर लिया। जिसे रोकने के लिए शासन स्तर पर कड़े कदम उठाये गये हैं। जन सहयोग के बिना ये कदम नाकाफी साबित हो रहे हैं। जनपद में लगभग 200 से अधिक बच्चे भिक्षावृत्ति में हैं।भिक्षावृत्ति को समाप्त करने के लिए जनकल्याण कारी योजनाओं को संचालित हैं, लेकिन इसमें जन सहयोग भी जरूरी है। बाल भिक्षुओं की बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है। भिक्षु दीन हीन एवं कार्य करने के लिए आयोग्य होने के कारण अपनी आजीविका पाने में असमर्थ होता है तो वह भीख मांगकर अपना पेट भरता है, लेकिन वर्तमान समय में भिक्षावृत्ति ने व्यवसाय का रूप ले लिया है। धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों पर भिखारियों की बढ़ती संख्या एक बड़ी समस्या है। जिससे देश की छवि भी धूमिल होती है। बाल भिक्षु वहां आए पर्यटकों के सामने तरह तरह के स्वांग रचा कर भीख मांगते हैं।एक लाख तक का है जुर्मानासरकार ने इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने के बाल संरक्षण कानून बनाया। जिसमें भीख मांगना एवं बाल मजदूरी को अपराध की श्रेणी में रखा गया। जिसमें एक लाख रुपये तक के जुर्माने तक का प्रावधान है। साथ ही भिक्षावृत्ति को रोकने के लिए आश्रय स्थलों को भी निर्माण किया गया लेकिन यह सब दिखावे तक सीमित रहा। जिन बच्चों के हाथों में कलम और दावत होनी चाहिए उन बच्चों के हाथों में भीख का कटोरा है।यहां के स्थानीय लोगों के अतिरिक्त बाहरी लोग भी आकर भिक्षावृत्ति करते हैं।



जिसमें अधिकांश बच्चे शामिल होते हैं। शासन प्रशासन द्वारा भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों को चिन्हित कर शिक्षा से जोड़ना चाहिए– सुनील तिवारी, तीर्थ पुरोहितसमय–समय पर हमें उत्तर प्रदेश सरकार से शासनादेश प्राप्त होता है, जिलाधिकारी के निर्देश पर अभियान चलाकर भिक्षावृत्ति करने वाले और बाल श्रम करने वाले बच्चों की तलाश कर कारवाईकी जाती है। मंदिरों व अन्य स्थानों को चिन्हित करके भिक्षावृत्ति व बाल श्रम करने वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ा गया है। स्पोंसन योजना के माध्यम से ऐसे बच्चों को 4000 रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं– सौरभ यादव, चाइल्ड लाइन प्रभारी

# कासगंज जनपद में पुलिस और SOG टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल की

कासगंज जनपद में पुलिस और SOG टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। टीम ने लूट की दो वारदातों को अंजाम देने वाले चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।आरोपियों की पहचान शिशुपाल, राजू उर्फ हरपाल, मकरंद और बॉबी के रूप में हुई है। सभी आरोपी कासगंज जिले के निवासी हैं। इन्होंने हाल ही में संजीव कुमार और मुहम्मद अयूब को अलग–अलग स्थानों पर लूटा था।पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट का माल बरामद किया है। इसमें 1,58,000 रुपए की नगदी, दो मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल और तमंचा–कारतूस शामिल हैं।कोतवाली गंजडुंडवारा पुलिस के मुताबिक, ये चारों पेशेवर अपराधी हैं। इन पर कासगंज के अलावा उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में भी कई गंभीर मामले दर्ज हैं।पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। ASP राजेश भारती ने इस सफल कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का इनाम दिया है।

# कासगंज पुलिस ने लूट की दो घटनाओं का किया खुलासा, चार लुटेरे गिरफ्तार

कासगंजरू शनिवार को गंजडुंडवारा थाना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने लूट की दो घटनाओं का खुलासा किया। चार लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 लाख 38 हजार रुपये नकद, दो मोबाइल, एक तमंचा और एक बाइक बरामद की गई। पुलिस ने पूछताछ के बाद लुटेरों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।एएसपी राजेश भारती ने पुलिस सभागार में जानकारी देते हुए बताया कि 9 मार्च को संजीव कुमार मिश्रा, निवासी ग्राम खिलौरा, जब पटियाली कस्बे में अपनी खाद की दुकान बंद कर घर जा रहे थे, तब बूढ़ी गंगा के पास दो अज्ञात लुटेरों ने उनका बैग छीन लिया, जिसमें दुकान की चाबी और पैसे थे। वहीं, 27 मार्च को नगला बरैठी निवासी मुहम्मद अयूब स्टेट बैंक से पैसे निकालकर घर लौट रहे थे, तभी सुजावलपुर के पास लुटेरे उनका थैला लूटकर फरार हो गए। ये दोनों घटनाएं पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थीं।एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने 29 मार्च की सुबह ढपाली तिराहे के पास से चार लुटेरों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान शिशुपाल, राजू, मकरकंद और बॉबी के रूप में हुई, जो बल्हारपुर थाना सिढपुरा के मूल निवासी हैं और फिलहाल सवलपुर, थाना



पिसावा, जिला अलीगढ़ में रह रहे थे।लुटेरों ने स्वीकार किया कि वे पहले कासगंज में रहते थे, लेकिन अब अलीगढ़ में ठिकाना बना लिया है। वे कासगंज आकर लूट की वारदात को अंजाम देकर वापस लौट जाते थे। एएसपी ने बताया कि ये सभी शातिर अपराधी हैं और इनके खिलाफ विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। न्यायालय में पेशी के बाद चारों को जेल भेज दिया गया।

# कासगंज पुस्तकों के कारोबार में सरकारी राजस्व की चोरी




कासगंजः पुस्तकों के कारोबार में सरकारी राजस्व को बड़े पैमाने पर चूना लगाया जा रहा है। कारोबारी जीएसटी और इनकम टैक्स विभागों को धता दे रहे हैं। कर की बड़े पैमाने पर चोरी हो रही है। करोड़ों के कारोबार के बावजूद भी अभिभावकों को बिल नहीं दिए जा रहे हैं। केवल किताबों में ही नहीं, बल्कि ड्रेस के कारोबार में भी यह समस्या है। सरकार को राजस्व की क्षति पहुंच रही है। अभिभावकों की जेब पर डाका डाला जा रहा है। कारोबारी चांदी काट रहे हैं।शिक्षा का जब नया सत्र शुरू होता है, तो विद्यालयों और पुस्तक विक्रेताओं की मिलीभगत से अभिभावकों की जेब पर डाका डाले जाने का अभियान शुरू हो जाता है। पुस्तक, स्टेशनरी ही नहीं, बल्कि ड्रेसों की बिक्री में अनावश्यक कीमतें वसूली जाती हैं। इनमें विद्यालयों का भी कमीशन 50 से 60 प्रतिशत होता है। इस कमीशन के चलते किताबों की गुणवत्ता भी शून्य रहती है।निर्धारित दुकानों के आवंटन के कारण दुकानदारों की मनमानी के आगे अभिभावक नतमस्तक रहते हैं। सबसे आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि जिले में पुस्तकों और ड्रेस का लगभग 100 करोड़ का कारोबार होता है। अभिभावक को पुस्तक विक्रेता न तो पुस्तकों और न ही ड्रेस का कोई बिल देते हैं।इससे जीएसटी विभाग को भी क्षति पहुंचती है, बल्कि इतनी ऊंची कीमतों में किताबों की बिक्री के बाद इनका लेखा–जोखा न होने से आयकर विभाग को भी धता दी जा रही है। यह अचंभा है कि आखिर सब कुछ सामने होने के बावजूद भी संबंधित विभाग मौन क्यों साधे रहते हैं। जबकि अभिभावकों की जेब पर डाका डालने वाले स्कूल और पुस्तक विक्रेताओं के गठजोड़ पर पैनी निगाह होनी चाहिए।1900 से 10000 रुपये तक की हैं किताबें सामान्य स्कूलों में नर्सरी की किताबों का सेट 1900 रुपये का है। यह सबसे कम धनराशि है। इससे ऊपर की कक्षाओं के लिए अभिभावकों को 10,000 रुपये तक चुकाने पड़ रहे हैं। शहर के नामी विद्यालयों में एनसीआर की पुस्तकें नहीं लगाई गई हैं। प्राइवेट पुस्तकों को लगाकर स्कूल और पुस्तक विक्रेताओं का गठजोड़ फल–फूल रहा है।मांगने पर भी नहीं मिलता है बिल सोमवार को अमृत विचार की टीम ने कई पुस्तक विक्रेताओं के यहां पहुंचकर देखा और ऐसे अभिभावकों से बातचीत की, जो बच्चों की पुस्तक और ड्रेस लेकर बाहर निकल रहे थे। अभिभावकों से जब बिल के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि पुस्तक विक्रेताओं द्वारा कोई बिल नहीं दिया जा रहा है।होनी चाहिए कार्रवाई भले ही इस जिले में पुस्तक विक्रेताओं की मनमानी को लेकर कोई आंदोलन न छिड़ा हो, लेकिन अंदर खाने अभिभावकों में आक्रोश रहता है। सभी चाहते हैं कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में हो रही इस लूट को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाए, जिससे मध्य और गरीब परिवारों के बच्चे भी बेहतर शिक्षा पा सकें। एडवोकेट सत्येंद्र पाल सिंह बैस का कहना है कि स्थानीय अधिकारियों को भी इसे संज्ञान में लेना चाहिए, जिससे अभिभावकों पर पड़ रहे जेब के डाके को रोका जा सके।ऐसे होता है खेला पुस्तक विक्रेता पुस्तकों को खरीदते समय जीएसटी पैड करते हैं, लेकिन प्रिंट रेटों से 90 प्रतिशत तक कम पर बिलिंग कराते हैं। उस पर जीएसटी पैड करते हैं। जबकि अभिभावकों को यह पुस्तकें प्रिंट रेट पर बेची जाती हैं।

# एटा जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के मेहता पार्क के पास एक अधिवक्ता के मकान में भीषण आग

एटा जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के मेहता पार्क के पास एक अधिवक्ता के मकान में भीषण आग लग गई। इनकम टैक्स एडवोकेट मनोज जैन के तीन मंजिला आवास में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया।आग जल्द ही दूसरी मंजिल तक पहुंच गई। धुएं और आग की लपटों को देखते हुए कोतवाली नगर पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। पुलिस बल और दमकल विभाग की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड के एफएसओ प्रशांत कुमार और केतन कुमार की टीम ने तीसरी मंजिल पर फंसी अधिवक्ता की पत्नी और पुत्री को सीढ़ियों के जरिए सुरक्षित बाहर निकाला। दमकल कर्मियों ने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया।घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, घर में रखा कीमती सामान जलकर राख हो गया। अधिवक्ता के कार्यालय में रखी अनेक फाइलें भी जल गईं। नुकसान का अनुमान लाखों रुपये में लगाया जा रहा है। अधिवक्ता मनोज जैन ने बताया कि घटना उस समय हुई जब वे मंदिर पूजा के लिए जा रहे थे। आसपास के सैकड़ों लोगों ने फायर ब्रिगेड और पुलिसकर्मियों की मदद की।बिल्डिंग में आग लग गई। धीरे–धीरे आग में विकराल रूप ले लिया। आग की लपटे दूसरी मंजिल तक पहुंच गई।जिसमे हमारी पत्नी और बेटी फंस गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मचाकत के बाद आग पर काबू पाया है। कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गए घर के अंदर रखा हुआ कीमती सामान जलकर राख हो गया है।फायर अधिकारी प्रशांत कुमार ने जानकारी देते हुए की आज प्रातः 8रू30 पर एक तीन मंजिला बिल्डिंग में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी तत्काल दो गाड़ियां और फायर कर्मी मौके पर पहुंचे तीन लोगों को तत्काल रेस्क्यू किया गया एक महिला तीसरी मंजिल पर फंसे गई थी उसको भी बचाया गया और आग पर काबू पाया गया है।

# कासगंजः पीले–पीले ओ मोरे राजा...शराब के दामों में भारी छूट, लाउडस्पीकर से हो रहा प्रचार

कासगंज रू गंजडुंडवारा क्षेत्र से बड़ी ही अजीबो–गरीब खबर आई है। यहाँ शराब की ज्यादा बिक्री को बढ़ावा देने के लिए कार पर लाउडस्पीकर लगाकर प्रचार–प्रसार करवाया जा रहा है। लाउडस्पीकर से शराब को लेकर किए जा रहे प्रचार से शहर के युवा शराब के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। कस्बा सहित सनौडी, रम्पुरा व आसपास के गांवों में खुलेआम शराब का प्रचार–प्रसार हो रहा है। प्रतिबंध के बाद भी सार्वजनिक रूप से प्रचार कर नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन इस पर स्थानीय प्रशासन चुप्पी साधे हुए है।एक ठेकेदार द्वारा शराब की बिक्री बढ़ाने के लिए कार पर लाउडस्पीकर लगाकर जोर–शोर से प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। तीन दिन यानी 29, 30, 31 मार्च के लिए अंग्रेजी व देशी शराब की फुल, हाफ, क्वार्टर बोतलों पर लुभावने ऑफर प्रस्तुत किए जा रहे हैं। जिसमें पी ले पी ले ओ मेरे जानी गाने की धुन पर गंजडुंडवारा कस्बा, गणेशपुर में संचालित मांडल शॉप पर अंग्रेजी शराब की बोतल प्रिंट से 80 रुपए, हाफ 60 रुपए व क्वार्टर 20 रुपए सस्ता दिया जा रहा है।वहीं, कादरगंज पटियाली रोड, थान गांव, आजाद नगर, रम्पुरा, सनौडी में देशी शराब का क्वार्टर 70 की जगह 60 रुपए में छूट का एनाउंसमेंट किया जा रहा है। इस पर स्थानीय प्रशासन चुप्पी साधे हाथ पर हाथ रखकर बैठा हुआ है। वहीं, शराब ठेकेदार नियमों की धज्जियां उड़ाकर शराब की बिक्री अधिक करने और युवाओं को सस्ती शराब का प्रलोभन देकर अपने ठेके से शराब खरीदने के लिए ऑफर दे रहा है।क्षेत्र में लाउडस्पीकरों पर शराब के ठेके से खरीद पर भारी छूट का प्रलोभन दिया जा रहा है। खुलेआम शराब के प्रचार–प्रसार को देखकर स्थानीय लोग प्रशासन पर उंगली उठा रहे हैं कि आखिर प्रशासन और आबकारी विभाग नियमों की अनदेखी कैसे कर सकते हैं। लेकिन शराब ठेकेदार को न तो पुलिस का भय है और न ही प्रशासन का। शराब का खुलेआम प्रचार कर युवाओं को शराब की ओर आकर्षित कर नशे में धकेलने का प्रयास किया जा रहा है।इधर, शराब की बिक्री के प्रचार से लोग हैरान हैं। लोगों का कहना है कि पहली बार शराब की बिक्री के लिए प्रचार–प्रसार होते देखा गया है। लोगों का कहना है कि इस तरह से शराब की बिक्री के लिए प्रचार करना गलत है और इससे लोगों में नशे के प्रति आकर्षण बढ़ता है।

# आगरा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के विवादित बयान पर विवाद थमने का नाम नहीं

कासगंज : आगरा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के विवादित बयान पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब कासगंज निवासी एमएलसी रजनीकांत महेश्वरी ने भी इस पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादियों को सनातन विरोधी बताया।अमृत विचार से बातचीत के दौरान उन्होंने राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के बयान की जमकर निंदा की। उन्होंने कहा कि रामजी लाल सुमन, अखिलेश यादव व डिंपल यादव सहित संपूर्ण समाजवादी पार्टी के नेता सनातन विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि रामजी लाल सुमन का राणा सांगा को लेकर दिया गया बयान और अन्य समाजवादी नेताओं के राम मंदिर व कुंभ मेले पर दिए गए बयान अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए होते हैं। भाजपा एमएलसी ने नसीहत देते हुए कहा कि सब कुछ छोड़कर राष्ट्रवाद की राजनीति करने पर ध्यान देना चाहिए।क्या था विवादित बयान? रामजी लाल सुमन ने 21 मार्च को राज्यसभा में कहा था कि अगर मुसलमानों में बाबर का डीएनए है, तो हिंदू राणा सांगा की औलाद हैं, जो गद्दार थे। उन्होंने कहा था कि बाबर को भारत में इब्राहिम लोदी से लड़ने के लिए राणा सांगा ने बुलाया था। इस बयान के बाद देशभर में सपा सांसद का विरोध शुरू हो गया था।

## कासगंजः शराब बिक्री पर फ्री ऑफर के विरोध में उतरी आम आदमी पार्टी

कासगंज प्रदेश भर में शराब की बिक्री पर ऑफर दिए जा रहे हैं। जिसको लेकर आम आदमी पार्टी ने विरोध जताया है और इसे रोके जाने के लिए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अनेकपाल दिया है। ऐसी ऑफर को समाज के लिए घातक बताया हैजिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह ने कहा कि राज्य के कई जनपद में शराब की बिक्री के लिए एक पर एक फ्री की स्कीम चल रही है। कई स्थानों पर शराब के दाम बहुत कर उसे बेचा जा रहा हैं। ऐसे कार्य की आम आदमी पार्टी निंदा करती है। उन्होंने कहा कि इसे जल्द ही सरकार को रोका जाना चाहिए। शराब की बिक्री के लिए इस तरह की स्कीम ठीक नहीं है। इससे शराब के सेवन को बढ़ावा मिलेगा। इससे समाज पर प्रतिकूल असर होगा। पार्टी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इसका विरोध किया और ऐसी स्कीमों पर रोक लगाने के लिए कदम उठाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में व्यापार प्रभाग अध्यक्ष चंद्रवीर सोलंकी, पवनेश, नरेश, मनोज कश्यप, मानसिंह, संतोश, दामोदार सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एटा के माया पैलेस चौराहे पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और सपा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला दहन किया

एटा के माया पैलेस चौराहे पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और सपा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया।यह विरोध प्रदर्शन अखिलेश यादव के गौ आश्रय स्थल से दुर्गंध आने वाले बयान और राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के विवादित बयान के विरोध में किया गया। इन बयानों के बाद पूरे प्रदेश में राजनीतिक माहौल गरम हो गया है।सूचना मिलते ही कोतवाली नगर प्रभारी अमित कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित कार्यकर्ताओं को शांत करने का प्रयास किया।बजरंग दल के जिला मंत्री शिवांक गुप्ता ने कहा कि सपा नेताओं के बयान से हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सपा नेता माफी नहीं मांगेंगे, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।विरोध प्रदर्शन में रामलखन, नितिन, वैभव, नितिन राठौर सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।